# न्यू यार्क सिटि डिपार्टमेन्ट आफ हेल्थ मेन्टल हायजीन

### ब्रोन्क्स तथा स्टाटेन आइलेन्ड

**मोरिरसानिआ चेस्ट सेंटर** 1309 फाल्टन एवन्यू, रूम 225, ब्रोन्क्स
**फोन** 718-901-6536 / 718-901-6538

**रिचमन्ड चेस्ट सेंटर** 51 स्टुयवेसन्ट प्लेस, रूम 408, स्टाटेन आइलेन्ड
**फोन** 718-983-4525 / 718-983-4526

### ब्रूकलीन

**बेडफोर्ड चेस्ट सेंटर** 485 थ्रूप एवन्यू
**फोन** 718-574-2462 / 718-574-2463

**ब्राउन्सविले चेस्ट सेंटर** 259 बिस्टल स्ट्रीट
**फोन** 718-495-7258 / 718-495-7256

**बुशवीक चेस्ट सेंटर** 335 सेंट्रल एवन्यू
**फोन** 718-573-4886 / 718-573-4889

**फोर्ट ग्रीन चेस्ट सेंटर** 295 फ्लेटबुश एवन्यू एक्सटेन्सन
**फोन** 718-643-4808 / 718-643-2601/3319

### मेनहट्टन

**चाल्सिआ चेस्ट सेंटर** 303 नाइन्थ एवन्यू
**फोन** 212-239-0919 / 212-239-1757

**वॉशिंगटन हाइटस चेस्ट सेंटर** 600 वेस्ट 168 स्ट्रीट, तीसरा मजला
**फोन** 212-368-4500

### क्वीन्स

**करोना चेस्ट सेंटर** 34-33 जंक्शन बुलवर्ड
**फोन** 718-476-7635 / 718-476-7636

**फार रोकअवे चेस्ट सेंटर** 67-10 रोकअवे बीच बुलवड, रूम 201
**फोन** 718-474-2100 / 718-474-2101

| मेरा चेस्ट सेंटर |
|---|
| फोन: |
| पता: |
| समय: |
| अन्य जानकारी: |

### हर महिने जाँच करानी महत्त्वपूर्ण है

**आपको क्लिनिक में इनके लिए आना जरूरी है:**

- ✔ अगले महीने की दवा लेने
- ✔ आपको दवा का कोई दुष्प्रभाव नहीं है यह निश्चित करने
- ✔ आपको कोई प्रश्न पूछने है तो वह पूछने

**न्यूयार्क सिटि डिपार्टमेन्ट आफ हैल्थ टयूबरक्युलोसिस कंट्रोल प्रोग्राम (क्षय रोग नियंत्रण कार्यश्र्म)**
**टीबी के बारे में अधिक जानकारी के लिए (212) 442-9968 नंबर पर फोन करें**
**या www.nyc.gov/health वेबसाईट देखे**

10/02



**New York City Department of Health & Mental Hygiene**
**न्यू यार्क सिटि डिपार्टमेन्ट आफ हेल्थ (न्यू यार्क शहर स्वास्थ्य विभाग)**
**ब्योरो आफ टयूबरक्युलोसिस कंट्रोल (क्षय रोग नियन्त्रण कार्यालय)**





# टीबी रोको

# टीबी किसी को भी हो सकता है



## टीबी (क्षय रोग) क्या है ?

टीबी (टयूबरक्युलोसिस) एक गंभीर बीमारी है जो फेफडों को क्षति पहुँचाती है। ळेकिन टीबी उपचार से रोकी जा सकती है। टीबी का निदान (इलाज) भी हो सकता है।

## टीबी के जीवाणु कैसे फैलते हैं?

टीबी के कीटाणु हवा के माध्यम से फैलते हैं। यदि आप टीबी रोगी के साथ अधिक समय विताते हैं, तो साँस के साथ टीबी के कीटाणु आपके अंदर जा सकते हैं। यह तव होता है जव व्यक्ति खाँसता है, छींकता है, बोलता है, अथवा हँसता है। यदि आप टीबी के कीटाणु साँस में लेते है तो आपको टीबी हो सकता है।

## टीबी के दो प्रकार हैं :

लेटन्ट टीबी

पहली बार सांस द्वारा शरीर मे टीबी के कीटाणु प्रवेश करने पर, आपका शरीर उनके चारों ओर एक दीवार सी खडी कर उनसे आपकी रक्षा करता है। इससे कीटाणु दव जाते है यानि सुप्तावस्था मे पहुंच जाते हैं। उससे लेटन्ट टीबी या सुप्त टीबी कहते हैं।लेटन्ट टीबी मे कीटाणु लम्बे समय तक जीवनपर्यन्त सोए रहते हैं।सुप्त टीबी होने पर आप बीमारी महसूस नहीं करेंगे और दूसरे लोगों को टीबी नहीं फैला सकते।

एक्टिव टीबी

लेकिन कई वार टीबी के कीटाणु सक्रिय हो उठते हैं यानि जाग जाते है जिनसे शरीर आपकी रक्षा नहीं कर सकता। ऐसा होने पर आपको एक्टिव टीबी रोग हो सकता है जिसके कारण आप काफी विमार हो सकते है, तथा अन्य लोगों में रोग फैला सकते हैं।

## मुझे सुप्त टीबी है कि नहीं इसका मै कैसे पता लगा सकता हूँ?

यदि आप कोई ऐसे स्थान पर रहते है जहाँ सुप्त टीबी अधिक मात्रा में है तो शायद आप टीबी कीटाणु साँस में लेकर सुप्त टीबी के रोगी वन सकते हैं।

## नीचे ऐसे स्थानों की सूची दी गई है जहाँ सुप्त टीबी अधिक मात्रा में है:

- ✔ लाटिन अमरिका
- ✔ कारिवीअन
- ✔ एशिया भारत
- ✔ इस्टर्न यूरोप
- ✔ अफ्रीका

यदि आप इन स्थानों में रहते थे या रह रहे है, तो आपको सुप्त टीबी हो सकता है।

## क्या सुप्त टीबी के लिए कोई परीक्षण है?

हाँ । इसके लिए एक सरल त्वचा जांच है। यह जांच " नेगेटिव " है, तो सम्भवता: आपके शरीर में टीबी कीटाणु नहीं है। यदि जाँच " पोसिटिव " है तो आपके शरीर में टीबी कीटाणु हैं। यह जानने के लिए कि आपको सुप्त टीबी है या क्रियाशील या एक्टिव टीबी, आपको छाती के एक्सरे और डाक्टरी जाँच की आवश्यकता होगी।

## क्या मुझे टीबी त्वचा परीक्षण करा लेना चाहिए?

शायद। आप के टीबी रोगी होने की संभावना अधिक है यदि:

- ✔ आपने किसी ऐसे व्यक्ति के साथ लंवा समय गुजारा हो जिसे क्रियाशील टीबी है
- ✔ आप हाल ही में लाटिन अमरिका, कारिवीअन, एशिया, इस्टर्न यूरोप, अफ्रीका या दूसरे किसी स्थान से आए है जहाँ सुप्त टीबी अधिक है
- ✔ आपने नर्सिंग होम, वेघर आश्रय स्थान, जेल या कोई अन्य समूहहिक व्यवस्था में काम किया है या ठहरे है

## दूसरे लोग जिन्हें टीबी त्वचा परीक्षण आवश्यक है:

- ✔ क्रियाशील या एक्टिव टीबी के लक्षण वाले लोग
- ✔ मधुमेह या किडनि की बीमारी जैसे रोग वाले लोग
- ✔ एचआइवी/डायाबिटीस

## यदि मुझे बीसीजी का टीका लगा हुआ है, तो?

बीसीजी का टीका प्राय: लोगों की टीबी से रक्षा नहीं करता। आपको फिर भी सुप्त टीबी अथवा क्रियाशील टीबी हो सकती है। भले ही आपने बीसीजी लगवाया हुआ हो तो भी आपको टीबी त्वचा परीक्षण कराने की आवश्यकता है।

## यदि मुझे सुप्त टीबी है तो क्या मुझे इलाज की आवश्यकता है?

हाँ। यदि आपको सुप्त टीबी है, तो कीटाणु आपके शरीर में ही है। आप खुद को बीमार नहीं महसुस करते हैं क्योंकि कीटाणु सो रहे है। यदि कीटाणु जाग जाते है, तो आपको क्रियाशील टीबी होगा। आप बहुत बीमार हो सकते हैं। सुप्त टीबी की दवा कीटाणुओं को जागने से पहले मार देती है।

## सुप्त टीबी के लिए क्या इलाज है?

सुप्त टीबी के लिए कई दवाएं उपलब्ध है। कौनसी दवा आपके लिए उचित है वह आपके डॉक्टर तय करेंगे। इलाज 2 मास से 9 मास तक चल सकता है। यह महत्त्वपूर्ण है कि आप अपना इलाज पूर्ण करें।

## यदि मुझे सुप्त टीबी है तो क्या मैं अपने कुटुम्ब एवं मित्रो के साथ समय गुजार सकता हूँ ?

हाँ। यदि आपको सुप्त टीबी है तो आप टीबी फैला नही सकते है। आप काम कर सकते हैं तथा स्कूल जा सकते हैं। आपके टीबी रोग का संक्रमण आपके कुटुम्ब या बच्चों को नहीं लग सकता है।

## क्या स्वास्थ्य विभाग मेरी सहायता कर सकता है?

हाँ। हमारी 10 क्लिनिक हैं जो वहुत सी टीबी सेवाएं प्रदान करती हैं।

हमारी क्लिनिक पर आपको स्वास्थ्य बीमा कराने की आवश्यकता नहीं है। सभी सेवाएं नि:शुल्क हैं। आपको इमिग्रेशन के वारे में चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। कोई उसके (स्टेटस) वारे में नहीं पूछेगा। हमारी क्लिनिक उच्च्य गुणवत्ता वाली देखभाल प्रदान करती हैं। हमारे कर्मचारी कई भाषाएं बोल सकते हैं। हम आपके टीबी सम्वंधी प्रश्नों का उत्तर दे सकते हैं। हम टीबी रोक सकते हैं।